# भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे- 411 008

# Indian Institute of Tropical Meteorology, Pune

सं. : रा.भा./09/रा.भा.उत्सव/2026-27/02-1 — दिनांक: 17.08.2026

## परिपत्र/Circular

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में **"राजभाषा उत्सव-2026"** दिनांक 01.08.2026 से मनाया जा रहा है।

संस्थान के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं संविदाकर्मियों हेतु इस वर्ष "राजभाषा उत्सव-2026" के अंतर्गत हिंदी दिवस तथा हिंदी पखवाड़ा आयोजन के साथ-साथ विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 01.08.2026 से 30.09.2026 के दौरान किया जाएगा। हिंदी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रत्येक हिंदी प्रतियोगिता हेतु प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो (02) प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। निदेशक महोदय द्वारा इस वर्ष से हिंदी प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि में वृद्धि के संबंध में अनुमोदन प्रदान किया गया है। **हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार- राशि ₹ 5000/- ; द्वितीय पुरस्कार- राशि ₹ 4000/- ; तृतीय पुरस्कार-राशि ₹ 3000/- तथा प्रोत्साहन पुरस्कार – राशि ₹ 2000/- (प्रत्येक)] प्रदान की जाएगी**

राजभाषा-उत्सव-2026 के दौरान कुल सात (07) हिंदी प्रतियोगिताओं **1. श्रुतलेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषी एवं हिंदीतर भाषी हेतु); 2. नोटिंग, ड्राफ्टिंग एवं अनुवाद प्रतियोगिता; 3. एकलगीत गायन प्रतियोगिता; 4. काव्यपाठ प्रतियोगिता; 5. प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता; 6. अंत्याक्षरी प्रतियोगिता** तथा **7. वाद-विवाद प्रतियोगिता** के आयोजन हेतु निदेशक महोदय का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

**"Rajbhasha Utsav-2026"** is being celebrated since 01.08.2026 under the aegis of Official Language Implementation Committee (OLIC) of Indian Institute of Tropical Meteorology (IITM), Pune.

This year under "Rajbhasha Utsav-2026" various Hindi Competitions will be organised along with Hindi Diwas and Hindi Pakhwada celebrations from 01.08.2026 to 30.09.2026 for all the Officers, Employees, Researchers, Students and Contractual Staff of the Institute. Participants will be awarded on the basis of performance in the respective Hindi Competitions. First, Second, Third and two (02) Consolation Prizes will be given in each Hindi Competitions. Approval has been granted by the Director for enhancement in the prize money for Hindi competitions, effective from this year. **First Prize - ₹ 5000/-; Second Prize - ₹ 4000/; Third Prize - ₹ 3000/- and Consolation Prizes - ₹ 2000/- (each) will be awarded to the winners of the Hindi Competitions.**

The Director, IITM has given approval for organising a total no. of Seven (07) Hindi Competitions **1. Dictation Competition (for Hindi speakers and Non-Hindi speakers); 2. Noting, Drafting and Translation Competition; 3. Solo Song-Singing Competition; 4. Poetry Recitation Competition; 5. Quiz Competition; 6. Antyakshari Competition** and **7. Debate Competition** during Rajbhasha Utsav-2026.

**<u>हिंदी प्रतियोगिताओं हेतु नियम एवं शर्तें</u>/ Terms and Conditions for Hindi Competitions:**

1. संस्थान के सभी अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी, विद्यार्थी तथा संविदाकर्मी इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।
   All the Officers, Employees, Researchers, Students and Contractual Staff of the Institute may participate in these Hindi Competitions.
2. राजभाषा अनुभाग के कर्मचारी केवल एकल गीत-गायन एवं काव्यपाठ प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।
   The Employees of Rajbhasha Section can participate in the Solo Song-Singing and Poetry Recitation Competition only.
3. उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीते गए पुरस्कारों में से केवल एक (01) उच्चतम पुरस्कार ही प्रदान किया जाएगा, ताकि अधिकाधिक कार्मिकों तक राजभाषा उत्सव के आयोजन का लाभ पहुँचे और वे हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित हो सकें।

Only one (01) highest prize out of the prizes won in different competitions will be awarded to the Officers/Employees participating in the said competitions, so that the benefits of organising the Rajbhasha Utsav reach the maximum number of employees and are encouraged to work in Hindi.

4. सभी हिंदी प्रतियोगिताओं के परिणाम एवं अन्य विषयों पर निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। The decision of the judges on the results of all Hindi Competitions and in other matters will be final and binding.

5. **हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता हेतु लागू :-** हिंदीतर भाषी प्रतिभागियों के लिए अलग से प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी यदि उनकी संख्या 10 से अधिक हो। यदि हिंदीतर भाषी प्रतिभागियों की संख्या 10 से अधिक नहीं होती है तो हिंदी भाषी एवं हिंदीतर भाषी दोनों के लिए एक ही वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

   **Applicable to the Hindi Dictation Competition :-** A separate competition will be organized for non-Hindi speakers if their number exceeds 10. If the number of non-Hindi speakers does not exceed 10, the competition will be held in a single category for both Hindi-speaking and non-Hindi speaking participants.

6. प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता को छोड़कर अन्य हिंदी प्रतियोगिताओं में जिन प्रतिभागियों को कोई भी पुरस्कार प्राप्त नहीं होता है तो उन्हें एक (01) **प्रतिभागिता पुरस्कार** प्रदान किया जाएगा। प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता एवं अंत्याक्षरी प्रतियोगिता में दस (10) **दर्शक पुरस्कार**-प्रत्येक प्रदान किए जाएंगे।

   Participants who do not receive any prize in Hindi competitions other than Quiz Competition will be awarded one (01) **Participation Prize**. Ten (10) **Audience Prizes** each will be awarded in the Quiz Competition and the Antyakshari Competition.

## हिंदी प्रतियोगिताओं का विवरण/Details of Hindi Competitions

| क्रम सं.<br>Sl. No. | हिंदी प्रतियोगिता का नाम<br>Name of the Hindi Competitions | तिथि, दिन एवं समय<br>Date & Time | स्थान<br>Venue |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रुतलेखन प्रतियोगिता/Dictation Competition<br>(वैज्ञानिक शब्दों से युक्त पाठ) | **24.08.2026** (सोमवार)<br>अपराह्न 03:30 बजे | आर्यभट्ट सभागृह |
| 2 | नोटिंग, ड्राफ्टिंग एवं अनुवाद प्रतियोगिता/Noting, Drafting and Translation Competition<br>(विज्ञान आधारित प्रश्न भी सम्मिलित किए जाएंगे) | **02.09.2026** (बुधवार)<br>अपराह्न 03:30 बजे से 05:00 बजे तक<br>(अवधि-1.5 घंटा) | आर्यभट्ट सभागृह |
| 3 | प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता/Quiz Competition<br>(क्षेत्र– सामान्य ज्ञान,हिंदी,विज्ञान एवं राजभाषा क्षेत्र से प्रश्न पूछे जाएंगे) | **08.09.2026** (मंगलवार)<br>अपराह्न 03:30 बजे | आर्यभट्ट सभागृह |
| 4 | काव्यपाठ प्रतियोगिता/Poetry Recitation Competition | **11.09.2026** (शुक्रवार)<br>अपराह्न 03:30 बजे | वराहमिहिर सभागृह |
| 5 | अंत्याक्षरी प्रतियोगिता/Antyakshari Competition | **21.09.2026** (सोमवार)<br>अपराह्न 03:00 बजे | मेघदूत सभागृह |
| 6 | वाद-विवाद प्रतियोगिता/Debate Competition<br>*प्रतियोगिता तिथि से दो (02) दिन पहले विषय की सूचना ईमेल के माध्यम से दी जाएगी। | **23.09.2026** (बुधवार)<br>अपराह्न 03:30 बजे | वराहमिहिर सभागृह |
| 7 | एकल गीत-गायन प्रतियोगिता/Solo Song-Singing Competition<br>(हिंदी गीत का विषय -वर्षा, वायु, अग्नि, पृथ्वी, पर्यावरण, प्रकृति, जलवायु परिवर्तन, मौसम, मिट्टी, सागर, देशभक्ति, मातृभूमि आदि से संबंधित हो) | **29.09.2026** (मंगलवार)<br>अपराह्न 03:30 बजे | वराहमिहिर सभागृह |

संस्थान के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं संविदाकर्मियों से अनुरोध है कि राजभाषा उत्सव-2026 को सफल बनाने के लिए सभी हिंदी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लें।

All the Officers, Employees, Researchers, Students and Contractual Staff are requested to participate in all the Hindi Competitions enthusiastically to make the Rajbhasha Utsav-2026 a grand success.

सभी परियोजना निदेशकों एवं सभी प्रभाग/अनुभाग/एकक प्रमुखों से अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को राजभाषा उत्सव-2026 के दौरान आयोजित की जाने वाली सभी हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने का कष्ट करें।

All the Project Directors & Heads of all Division/Section/Unit are requested to encourage the employees working under them to participate in all the Hindi Competitions during Rajbhasha Utsav-2026.

इसे निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है। This is being issued with the kind approval of the Director.

17.08.2026

**(हंस प्रताप सिंह/Hans Pratap Singh)**
**हिंदी अधिकारी/Hindi Officer**
**कृते निदेशक /For Director**

**<u>सेवा में/To,</u>**

1. सभी परियोजना निदेशक एवं सभी प्रभाग/अनुभाग/एकक/प्रकोष्ठ प्रमुख
All the Project Directors & all Division/Section/Unit/Cell Heads
2. पुस्तकालय, सूचना एवं प्रकाशन प्रभाग (एलआईपी) : संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
Library, Information and Publication (LIP) Division: for uploading on the Institute's website.

**<u>प्रतिलिपि/Copy to</u>:**

निदेशक सचिवालय के माध्यम से निदेशक महोदय को सादर सूचनार्थ / for kind information to the Director, IITM through Director's Secretariat.